**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**


THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI
SATURDAY, MARCH 11, 2023
SPAPERS------------------DATED------------

# HC Stays Demolition, But Eviction Triggers Panic

## DUSIB Action Leaves Night Shelter Inmates Out In Open

Ridhima Gupta & Vineet Upadhyay | TNN

Rajesh Mehta



**UNCERTAIN TIMES:** Eviction at Kashmere Gate men's shelter home

**New Delhi:** Late on Friday evening, Delhi Urban Shelter Improvement Board evicted inmates of the men's night shelter at Kashmere Gate, triggering panic among the homeless people who stayed there. This was done despite Delhi High Court earlier in the day ordering a stay on the demolition of the shelters till March 14.

Mohammad Nameez, 32, a native of Bihar and home resident, does odd jobs at banquet halls for a living. He said, "Police forcefully evicted us at night. Obviously, we aren't human beings to these big people. When they pity us, they provide us with a roof. But when they think we are an eyesore, they run us out." He said that many people looking for labourers for various works came to the shelter, which was an advantage of living in the facility. Both a living space and work opportunities had been snatched from them, he mourned.

On Friday, Delhi High Court heard the petition of 11 night shelter inmates, during which the single judge bench of justice Tushar Rao Gedela said that eviction would seriously infringe the fundamental right of the shelter users. The petitioners' counsel, Kamlesh Kumar Mishra, said, "DDA submitted that the residents were to be shifted to other shelters, a list of which was given to the court."

DUSIB counsel as well as PK Jha, director of rehabilitation, DUSIB, assured that no adverse action would be taken till Tuesday. But as Mishra informed **TOI**, contrary to the statement made in court, around 8.30pm on Friday, the demolition of the shelters began. Deepak Kumar, 52, suddenly found himself on the road after more than five years. The tea seller said, "For many years, this shelter had become home for people like me. With a roof over my head, I was able to start a tea stall. But I am homeless again and am uncertain about my tea stall too."

Kumar, who has injuries on his head and leg after a recent accident, added, "My belongings are lying on the road. I don't know where to go. I can't walk too far because my leg is injured and I have to return to open my stall in the morning."

Shailender, 25, was searching for his fellow inmates. He said "My friends fled when police came and started threatening us. Now each one is trying to find a place to stay, at least for the night."

There are around 10 homeless shelters in the area, with around 300 people staying in them. Anxiety has spread to other shelters too, with inmates there fearing all homes will be vacated.

Mishra claimed that the homes were being brought down under heavy police deployment. The men engaged in the demolition had refused to disclose their names but insisted they were following orders "from the top". Mishra said the eviction of the inmates was a clear case of contempt of court.

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शनिवार, 11 मार्च 2023

# भारती को जल बोर्ड का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया



■ विस, नई दिल्ली : मालवीय नगर से आम आदमी पार्टी के विधायक और डीडीए के बोर्ड मेंबर सोमनाथ भारती को दिल्ली जल बोर्ड का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष की मंजूरी मिलने के बाद शुक्रवार को विधानसभा सचिवालय ने इस संबंध में औपचारिक आदेश जारी किया। दिल्ली जल बोर्ड अधिनियम के अनुसार बोर्ड में उपाध्यक्ष और दो सदस्यों का मनोनय विधानसभा अध्यक्ष के द्वारा किया जाता है। विधानसभा सचिवालय से मिली जानकारी के अनुसार, चूंकि दिल्ली जल बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष सौरभ भारद्वाज अब दिल्ली सरकार में मंत्री बन गए हैं, इसी वजह से अब उनकी जगह पर सोमनाथ भारती को जल बोर्ड का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। सौरभ से पहले आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक राघव चड्ढा जल बोर्ड के उपाध्यक्ष थे। उनके राज्यसभा सांसद बनने के बाद सौरभ को उनकी जगह उपाध्यक्ष बनाया गया था।

जल बोर्ड के उपाध्यक्ष के रूप में अपनी नियुक्ति पर सोमनाथ भारती ने बयान जारी कर कहा कि जल बोर्ड को लेकर मुख्यमंत्री के कई सपने हैं, जिन्हें पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी है। मौजूदा जल मंत्री सौरभ भारद्वाज ने उपाध्यक्ष के रूप में बहुत उम्दा काम किया है। अब हम दोनों मिलकर जल बोर्ड से जुड़े हर सपने को पूरा करेंगे।

# घटयात्रा से शुरू पंचकल्याणक

■ नप्र, नई दिल्लीः श्री दिगंबर जैन मंदिर बैंक एनक्लेव- लक्ष्मीनगर का पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव उपाध्याय गुप्तिसागरजी महाराज के सान्निध्य में अभिषेक, देवार्चना, गुरु आज्ञा और घटयात्रा के साथ शुरू हुआ। समारोह डीडीए पार्क के भव्य पंडाल में हो रहा है।

**'मन को सत्संग में लगाए रखो'**

चिंता हरण मंदिर पटेल धाम, चाणक्यपुरी में सत्संग के समय पंडित प्रेम वल्लभ पाठक ने कहा कि मन पानी की तरह चंचल होता है, उसे सदा सत्संग और भगवत-भजन मे लगाए रखो।

**'माता-पिता की सेवा है तीर्थ'**

बटुक भैरव शक्तिपीठ मंदिर नेहरू पार्क, चाणक्यपुरी सत्संग में पंडित राजेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि जो सच्चे मन से माता-पिता की सेवा करते हैं, सभी तीर्थ उसके घर में वास करते हैं।

RS

हिन्दुस्तान

# पार्किंग के लिए डीडीए जमीन सौंपेगा

**20** पार्किंग के लिए जमीन मुहैया कराई जाएगी

■ नगर निगम की ओर मांगी गई थी जमीन

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। दिल्ली विकास प्राधिकरण जल्द ही दिल्ली नगर निगम को 20 पार्किंग स्थलों के लिए जमीन मुहैया कराएगा। डीडीए के अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही जमीन सौंपने संबंधी प्रस्ताव बोर्ड की बैठक में लाया जाएगा। दिल्ली नगर निगम की ओर से दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में पार्किंग की समस्या को दूर करने के लिए डीडीए से जमीन की मांग की थी।

डीडीए अधिकारियों का कहना है कि निगम के पास इन जमीनों पर पार्किंग बनाने के लिए फंड की कमी है, ऐसे में डीडीए और निगम मिलकर पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) के आधार पर पार्किंग संचालन करने की योजना पर भी काम कर रहे हैं, जिसके तहत अभी राजस्व बंटवारे का सिस्टम तय होना बाकी है।

दिल्ली नगर निगम के अधिकारी के अनुसार, मादीपुर और द्वारका उन प्रस्तावित स्थलों में से हैं, जहां उम्मीद की जा रही है जल्द ही जमीन मिल जाएंगी। इसके अतिरिक्त पंजाबी बाग, जनकपुरी बी1 वाणिज्यिक केंद्र, पश्चिम विनोद नगर में नरवाना रोड पर मंगलम अस्पताल के पास, जग प्रवेश चंदर अस्पताल के पास शास्त्री पार्क, गौतम नगर में फादर एगनेल स्कूल के पास, कड़कड़डूमा कोर्ट के सामने, और डॉ हेडगेवार आरोग्य संस्थान के प्रास पार्किंग निर्माण शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि इन स्थानों पर पार्किंग बनाने के लिए जमीन चिन्हित कर ली गई है। इसके अतिरिक्त अन्य जगहों पर पार्किंग बनाने के लिए जमीन मांगी गई है।

निगम अधिकारियों ने बताया कि पार्किंग की क्षमता को लेकर निर्णय बाद में लिया जाएगा। पार्किंग बनने से जाम की समस्या दूर हो जाएगी।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS--- हिन्दुस्तान ---------------DATED----- 12 मार्च 2023

अतिक्रमण हटाने के लिए कई विभाग मिलकर काम करेंगे, जी-20 सम्मेलन के मद्देनजर कवायद की जा रही

# राजधानी में कल से फिर चलेगा बुलडोजर

## कार्रवाई

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। दिल्ली की सड़कों और प्रमुख चौराहों पर एक बार फिर से अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू होने जा रहा है। स्पेशल टास्क फोर्स के दिशा-निर्देश पर दिल्ली विकास प्राधिकरण, दिल्ली नगर निगम और लोक निर्माण विभाग सोमवार से बुलडोजर की कार्रवाई शुरू करेंगे।

बीते दिनों पीडब्ल्यूडी की ओर से तैयार की गई एक रिपोर्ट में सड़कों व फुटपाथों पर अतिक्रमण और अवैध निर्माण के 350 मामले सामने आए थे। इनमें 225 अस्थायी व 125 स्थायी अतिक्रमण हैं।

लोक निर्माण विभाग की विशेष सचिव द्वारा जारी सर्कुलर के बाद इन्हें हटाने की तैयारी शुरू हो गई है। जी20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर यह कवायद की जा रही है। इससे सड़कों पर जाम की समस्या भी दूर होगी। सड़कों पर ट्रैफिक को सुगम बनाने के लिए वर्ष 2017 में 77 प्रमुख सड़कों को जाम मुक्त करने की योजना बनाई गई थी, लेकिन पांच साल में सिर्फ 13 स्थायी व 66 अस्थायी अतिक्रमण व अनिधकृत निर्माण ही हटाए जा सके।



### पीडब्ल्यूडी के किस जोन में कितने अतिक्रमण और अनधिकृत निर्माण

| जोन | स्थायी | अस्थायी |
|---|---|---|
| उत्तरी | 68 | 80 |
| दक्षिणी | 19 | 57 |
| पूर्वी | 36 | 80 |
| फ्लाईओवर | 2 | 8 |
| कुल | 125 | 225 |

**77** सड़कों को जाम मुक्त करने की योजना

**66** अस्थायी अतिक्रमण अभी तक हटाए गए

**13** स्थायी अवैध निर्माण भी धराशायी किए जा चुके

### अवैध निर्माण गिरने से ये सड़कें जाम मुक्त होंगी

मथुरा रोड, रिंग रोड, कालिंदी कुंज रोड, महरौली-गुरुग्राम रोड, इग्नू रोड, महरौली-बदरपुर रोड, शांतिपथ-आरटीआर मार्ग, गोपालपुर रेड लाइट से जगतपुर ब्रिज, बाहरी रिंग रोड, नजफगढ़ रोड, पुराने यमुना पुल से अप्सरा बॉर्डर तक जीटी रोड कॉरिडोर, पटेल रोड, रोहतक रोड, किलोकरी गांव से लाजपत नगर, ओल्ड पटपड़गंज रोड, बुराड़ी रोड, वजीराबाद रोड, अरबिंदो मार्ग, रोड नंबर 13-ए, शास्त्री नगर, जहांगीरपुरी, करोलबाग समेत अन्य इलाकों की सड़कों पर से अतिक्रमण व अवैध निर्माण को हटाकर जाम मुक्त करने की योजना है।

## तीन फार्म हाउस सहित आठ संपत्तियां सील

नई दिल्ली, प्र.सं.। दिल्ली नगर निगम ने करोड़ों रुपये का संपत्ति कर जमा ना कराने पर दक्षिण दिल्ली की पांच व्यवसायिक संपत्तियों को सील किया है। इसके साथ ही तीन फार्म हाउसों को अटैच कर दिया। निगम अधिकारियों ने बताया कि फार्म हाउस मालिकों पर हाउस टैक्स का करीब पांच करोड़ रुपये बकाया है, जिसके चलते अटैच किया गया है। दिल्ली नगर निगम ने संपत्ति कर जमा ना करने वाले मालिकों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## निगम ने सड़कों से 59 लावारिस पशु पकड़े

नई दिल्ली, प्र.सं.। दिल्ली नगर निगम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए विभिन्न सड़कों पर घूम रहे 59 लावारिस पशुओं को पकड़ा। निगम अधिकारियों का कहना है कि जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर आवारा पशुओं के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। साथ ही अवैध डेयरी के खिलाफ भी सीलिंग की कार्रवाई जारी है, यमुना कैनाल में चल रहे अवैध डेयरी को बंद कराकर वहां अवैध तरीके से रखे गए पशुओं को भी छुड़ाया गया है।

# लाइसेंस नहीं होने पर कारोबारियों को नोटिस

■ दिनेश वत्स

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के लाइसेंस विभाग की तरफ से बड़ी संख्या में नोटिस जारी करने से पूर्वी दिल्ली के कारोबारियों की दिल की धड़कनें इन दिनों बढ़ गई हैं। इनमें ऐसे कारोबारी भी शामिल हैं, जिनके पास लाइसेंस हैं।

दिल्ली नगर निगम शाहदरा जोन के तहत आने वाली टिम्बर मार्केट शाहदरा लोनी रोड पर करीब 350 से अधिक दुकाने हैं। वहीं, रामनगर रोड और बाबरपुर 100 फुटा रोड भी करीब 250 से अधिक संख्या में कारोबारी हैं। लोनी टिम्बर मार्केट के कारोबारी मनीष मित्तल उर्फ बंटी गुप्ता का कहना है कि बीते दिनों निगम विभाग के लाइसेंस विभाग ने एक तरफ से सभी दुकानदारों को नोटिस थामने शुरू कर दिए हैं। इनमें बड़ी संख्या में ऐसे दुकानदार भी शामिल हैं, जिनके पास दुकानों का लाइसेंस है और उनका नवीनीकरण भी हो चुका है, फिर भी उन्हें नोटिस थमा दिए गए हैं। संजीव कुमार भी ऐसे दुकानदारों में शामिल हैं जिनके पास लाइसेंस है, लेकिन उन्हें भी नोटिस भेजा गया है।


> जिन दुकानदारों के पास लाइसेंस है और उनके पास नोटिस पहुंचा है तो वह अपने जवाब के साथ नोटिस की कॉपी लगा कर कार्यालय में जमा करा दें। ऐसे कारोबारियों के खिलाफ काईवाई नहीं की जाएगी।
>
> **- मोहन मिश्रा**, प्रशासनिक अधिकारी, शाहदरा- उत्तरी जोन

**चालान काटे जा रहे :** बाबरपुर रोड 100 पर दुकानदार अनिल वशिष्ठ का कहना है कि यहां निगम के इंस्पेक्टर ने चालान करने शुरू कर दिए, जबकि दुकानदारों ने कंवर्जन शुल्क जमा करा रखा है। लाइसेंस होने के बाद भी दुकानदारों को नोटिस जारी किए गए हैं।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

दैनिक जागरण नई दिल्ली, 13 मार्च, 2023

# फूलों के रंग व जीवंतता का करें अनुभव : उपराज्यपाल



सेंट्रल पार्क में फ्लावर फेस्टिवल का अवलोकन करते उपराज्यपाल वीके सक्सेना (बाएं से तीसरे), साथ में एनडीएमसी के अधिकारी, कर्मचारी व अन्य ● सौजन्य : एनडीएमसी

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) द्वारा जापान, चीन और नीदरलैंड जैसे जी-20 देशों के सहयोग से कनाट प्लेस के सेंट्रल पार्क में आयोजित एनडीएमसी-जी-20 पुष्प महोत्सव का दौरा किया। इस अवसर पर एनडीएमसी के अध्यक्ष अमित यादव, परिषद सदस्य कुलजीत सिंह चहल, एनडीएमसी के वरिष्ठ अधिकारी, पुष्पोत्सव में भाग लेने वाले देशों के प्रतिनिधि, नई दिल्ली ट्रेडर्स एसोसिएशन (एनडीटीए) के पदाधिकारी और अनेक फूल प्रेमी भी उपस्थित थे। इस जी-20 पुष्प महोत्सव का दौरा करने के बाद उपराज्यपाल ने ऐसे आयोजनों के लिए एनडीएमसी के प्रयासों की सराहना की, जिसमें लोग जी-20 से संबंधित कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। उन्होंने दिल्ली के लोगों से इस महोत्सव में विभिन्न देशों के फूलों के रंग और जीवंतता का अनुभव करने का भी आग्रह किया।

परिषद के सदस्य कुलजीत सिंह चहल ने कहा कि एनडीएमसी देश के सभी नागरिक निकायों में अग्रणी रहा है, जिसने प्रधानमंत्री द्वारा परिकल्पित जी-20 से संबंधित कार्यक्रमों में सक्रिय सार्वजनिक भागीदारी सुनिश्चित की है। इस महोत्सव में राष्ट्रीय फूल या जी-20 सदस्य देशों और अतिथि देशों के प्रमुख फूलों के बागानों, पेंटिंग और तस्वीरें भी प्रदर्शित की गई हैं। डहलिया, बोगेनविलिया, पत्तेदार पौधे, बोन्साई, कैक्टस और पाटेड प्लांट्स में पौधे, हैंगिंग बास्केट्स, फ्लोरल फिगर्स और बोर्ड्स, ट्रे गार्डन, फ्लोरल अरेंजमेंट्स आदि जैसे रंगीन और जीवंत फूलों के विभिन्न वर्गों को विभिन्न रूपों में प्रदर्शित किया गया है, जिसमें भारतीय उपमहाद्वीप की विभिन्न प्रकार की विविधता को दर्शाया है।

## यमुना खादर का होगा कायाकल्प, लगाए जाएंगे एक लाख पौधे : एलजी

जासं, पूर्वी दिल्ली : एलजी वीके सक्सेना ने शास्त्री पार्क, बेला फार्म, गढ़ी मेंडू खंड पर यमुना खादर क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान डीडीए और अन्य विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। उपराज्यपाल ने डीडीए को यमुना खादर को साफ, पुनर्स्थापित और उसके कायाकल्प करने के निर्देश भी दिए। इससे सीलमपुर, शास्त्री पार्क और शाहदरा आदि क्षेत्रों के लोगों को सांस लेने के लिए यमुना किनारे साफ और स्वच्छ वातावरण मिलेगा। निरीक्षण में वीके सक्सेना ने कहा कि वातावरण को संतुलित रखने के लिए पौधे लगाना आवश्यक है। एनजीटी का आदेश है कि यमुना किनारे अधिक से अधिक पौधे लगाकर यमुना को स्वच्छ बनाया जाए। उन्होंने डीडीए को शास्त्री पार्क के यमुना खादर क्षेत्र में एक लाख पौधे लगाने के निर्देश भी दिए। एलजी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित अंतरराष्ट्रीय वन दिवस पर यमुना के डूब क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पौधारोपण अभियान शुरू किया जाना है।

THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI
MONDAY, MARCH 13, 2023

# Act now to clean & rejuvenate 11km of Yamuna floodplain: LG

TIMES NEWS NETWORK

**New Delhi**: Lieutenant governor VK Saxena, who inspected the Yamuna floodplain on the Shastri Park-Bela Farm-Garhi Mandu stretch in Northeast Delhi on Saturday, has directed that immediate steps be taken to clean, restore and rejuvenate the 11km stretch.

Saxena, who was accompanied by the chief secretary, vice-chairman of Delhi Development Authority (DDA), and officials of other stakeholder departments, had taken an on-site stock of the situation. Once rejuvenated by DDA, the site will develop as a one-of-its-kind public green space in the locality, which has been suffering the most due to unplanned urbanisation and degradation. The area adjoins localities such as Seelampur, Shastri Park and Shahdara.

Though DDA was instructed to ensure plantation of one lakh trees at the Shastri Park site, the entire 11km stretch on the eastern bank, upstream from Shastri Park to Garhi Mandu, will undergo a thorough makeover.

The rejuvenation work on the hitherto neglected Yamuna floodplain in Northeast Delhi will include physical cleaning of the banks by removing garbage, dumped construction and demolition (C&D) waste, animal waste and encroachments. It will end rampant polluting activities like washing of empty sacks and gunny bags used for packing chemicals or cement and disposal of waste generated by slaughter of birds.

The steps to be taken for rejuvenation of the river are cleaning/desilting, restoration and maintenance of the two main water bodies by DDA on the banks, with the aim of interconnecting all the water bodies at different locations through a channel. This inter-connectivity will ensure uniform water levels in all the water bodies.



LG Saxena inspected the floodplain on Sunday

Extensive plantation throughout the stretch in a triple grid layered design is another component of the action plan. While the first layer of the grid will have riverine grasses, the second layer will have bamboo plantations, and in the third layer various flowering and fruit-bearing trees will be planted. These sites will be developed by DDA as open public greens with ecologically sustainable conveniences where different species of flora and fauna can flourish, said the LG office.

After taking charge as chairman of the high-level committee constituted by the National Green Tribunal (NGT) to oversee the rejuvenation of Yamuna, Saxena has been chairing meetings with concerned departments and inspecting the river at various locations to ensure cleaning and conducting follow-up visits.

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । सोमवार, 13 मार्च 2023

# यमुना किनारे शास्त्री पार्क से गढ़ी मांडू स्ट्रेच के रीडिवेलपमेंट को मिलेगी रफ्तार

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

एलजी वीके सक्सेना ने यमुना के पूर्वी किनारे के बाढ़ क्षेत्र का दौरा किया। वह शास्त्री पार्क-बेला फार्म-गढ़ी मांडू स्ट्रेच पर पहुंचे। उनके साथ चीफ सेक्रेटरी, डीडीए के वाइस चेयरमैन और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी थे। एलजी ने यमुना के इस बाढ़ क्षेत्र की सफाई और पुनर्विकास के निर्देश दिए। इस जगह की सफाई होने के बाद यहां रहने वाले लोगों को एक बेहतर जगह घूमने के लिए मिलेगी। इससे सीलमपुर, शास्त्री पार्क और शाहदरा आदि के लोगों को फायदा होगा।



रीडिवेलपमेंट के बाद सीलमपुर, शास्त्री पार्क, शाहदरा और आसपास के इलाकों को होगा फायदा

डीडीए ने यहां शास्त्री पार्क साइट पर करीब एक लाख पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया है। इस पूरे क्षेत्र का मेकओवर किया जा रहा है। इसके लिए यमुना के बाढ़ क्षेत्र की सफाई, वहां से कूड़े, मलबे और अतिक्रमण को हटाने के काम किए जाने हैं। इसके अलावा प्रदूषण बढ़ाने वाली गतिविधियों जैसे स्लॉटर हाउस की गंदगी को यहां डालने को बंद किया जाना है। दो मुख्य झीलों की सफाई, गाद निकालने और उन्हें पुनर्जीवित करने का काम किया जा रहा है। पौधों की तीन लेयर तैयार की जा रही हैं। इसमें पहली लेयर घास की, दूसरी लेयर बांस की और तीसरी लेयर पक्षियों को पसंद आने वाले फल और फूलों के पेड़ों की है। इस साइट को डीडीए ओपन पब्लिक ग्रीन स्पेस की तर्ज पर तैयार कर रहा है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

Hindustan Times NEW DELHI MONDAY MARCH 13, 2023 ----DATED---- हिन्दुस्तान नई दिल्ली सोमवार 13 मार्च 2023

# 11-km floodplain to be turned into green space

**HT Correspondent**

letters@hindustantimes.com



LG VK Saxena inspected the belt along Shastri Park, Bela Farms and Garhi Mandi on Saturday. HT PHOTO

**NEW DELHI:** The Delhi Development Authority (DDA) will take up restoration of an 11km stretch of the Yamuna floodplain, upstream from Shastri Park to Garhi Mandi area, near Signature bridge, and turn it into a green space for the public, officials said on Sunday.

Lieutenant governor VK Saxena, who also heads the high-level committee on Yamuna rejuvenation, constituted by the National Green Tribunal (NGT), inspected the belt along Shastri Park, Bela Farms and Garhi Mandi on Saturday and issued directions to restore the stretch to its natural state, officials said.

In the coming days, DDA will plant 1,00,000 trees at Shastri Park, along with developing layers of riverine grass, bamboo parks and fruit bearing trees, the LG secretariat said. The project will likely be completed by December, officials said.

The region is said to be one the most congested zones in north east Delhi and the floodplain is located next to densely populated areas on the eastern banks of the river like Seelampur, Shastri Park and Shahdara.

A senior official from the LG secretariat said there will be four key components to the work – clean-up the site by lifting garbage and construction and demolition (C and D) waste; desilt, restore and interconnect two water bodies in then belt; extensively plant trees in the area; and develop it as open public space.

"First, the banks and floodplains will be cleaned by removing garbage, construction and demolition waste and encroachments," the official said.

The LG house official added that the second step will be to desilt and restore two main water bodies, to be undertaken by DDA along the river banks. "Our ultimate aim is to connect all water bodies of the region through channels so that agencies can ensure uniform water levels. The third step will be a triple layered plantation – first layer of riverine grasses, second layer of bamboo and third layer flowering and fruit bearing trees. These sites will be developed by Delhi Development Authority as open public greens as ecologically sustainable areas," the LG secretariat official added.

# यमुना तट को हरित क्षेत्र बनाने की योजना तैयार

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। शास्त्री पार्क से गढ़ी मांडू तक करीब 11 किमी यमुना तट को साफ कर हरित क्षेत्र बनाने की योजना तैयार की गई है। दिल्ली के उपराज्यपाल ने यमुना के डूब क्षेत्र का दौरा किया और अधिकारियों को इस पूरे हिस्से में अतिक्रमण और कूड़ा-कचरा साफ करने का निर्देश दिए।

**01** लाख पौधे यमुना के इस डूब क्षेत्र में लगाने की है योजना

**11** किलोमीटर शास्त्री पार्क से गढ़ी मांडू तक की जाएगी सफाई

रविवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा कि उत्तर पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क, बेला फार्म से लेकर गढ़ी मांडू तक यमुना के डूब क्षेत्र साफ हो जाने के बाद खासतौर पर सीलमपुर, शास्त्री पार्क और शाहदरा में रहने वालों के लिए एक अच्छा हरित क्षेत्र साबित होगा। वहीं, शास्त्री पार्क के डूब क्षेत्र में एक लाख पौधे लगाने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपराज्यपाल के साथ मुख्य सचिव, डीडीए उपाध्यक्ष व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## इन चार बिन्दुओं पर शीघ्र किया जाएगा काम

- कूड़े-कचरे, मलबा, गोबर ढेर और अतिक्रमण साफ किए जाएंगे। इसके साथ ही वहां यमुना को प्रदूषित करने वाली गतिविधियां जैसे सीमेंट के बोरे की सफाई और बूचड़खाने में इस्तेमाल किए जाने वाले कपड़ों की सफाई आदि को पूरी तरह से रोका जाएगा।
- जलाशयों को साफ करने और उनमें से गाद निकालने का काम किया जाएगा। जलाशयों को आपस में जोड़ने का भी काम किया जाएगा। इससे जलाशयों में पानी का स्तर समान बनाए रखने में आसानी होगी।
- पूरे हिस्से में सघन पौधरोपण किया जाएगा। खासतौर पर तीन स्तरों पर पौधरोपण होगा। पहला स्तर तटीय घासों का होगा, दूसरा स्तर बांस का होगा और तीसरा स्तर अलग-अलग प्रजातियों के फूलों और फलों वाले पेड़ों का होगा।
- इस स्थल को डीडीए द्वारा आम लोगों के लिए अच्छी सार्वजनिक जगह के तौर पर विकसित किया जाएगा, जहां पर पारिस्थितिक तंत्र को इस तरह से बनाया जाएगा जिससे पशु-पक्षियों और वनस्पतियों को भी फलने-फूलने का मौका मिलेगा।

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । सोमवार, 13 मार्च 2023

## जन्मकल्याणक पर निकली विशाल शोभायात्रा

नप्र, नई दिल्ली: श्री दिगंबर जैन मंदिर बैंक एन्क्लेव- लक्ष्मीनगर के पंचकल्याणक में उपा. श्री गुप्तिसागरजी के सान्निध्य में विशाल शोभायात्रा निकाली गई और डीडीए पार्क में विशाल पांडुक शिला पर जिनेंद्र भगवान का 1008 कलशों से मस्तकाभिषेक किया गया। शाम को भगवान का पालना, सौधर्मेंद्र का तांडव नृत्य और मंगल बधाइयां प्रस्तुत की गईं।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

millenniumpost
NEW DELHI | MONDAY, 13 MARCH, 2023 ----------DATED----------

# DDA to plant 1L trees at Shastri Park

**OUR CORRESPONDENT**



L-G took an on-site stock of the situation, instructed officials to immediately ensure steps to clean, restore and rejuvenate the degraded flood plains

**NEW DELHI:** The Delhi Development Authority will plant one lakh trees in Shastri Park area as part of plans to rejuvenate the Yamuna floodplains, a statement from Lieutenant Governor's office said on Sunday.

The statement comes a day after the Lt Governor inspected the Shastri Park-Bela Farm-Garhi Mandu area of the flood plains in northeast Delhi and directed officials to clean, restore and rejuvenate the 11 km-long stretch.

Even as the DDA was instructed to immediately ensure plantation of 1 lakh trees at the Shastri Park site, the entire 11 km stretch on the eastern bank, upstream from Shastri park to Garhi Mandu will undergo a thorough make over, it said.

The DDA will plant one lakh trees at Shastri Park apart from different species of riverine grass, bamboo and other flowering/fruit-bearing trees to rejuvenate the floodplains, it said.

"The L-G took an on-site stock of the situation and instructed officials to immediately ensure steps to clean, restore and rejuvenate the degraded flood plains," the statement said. "Once rejuvenated by the DDA, this site will develop as a one of its kind public green in the locality, which has been suffering the most due to unplanned urbanization and degradation. The area adjoins localities like Seelampur, Shastri Park and Shahdara etc", it said.

The main components of the rejuvenation work includes physical cleaning of the banks and flood plains by removing garbage, dumped construction and demolition waste, animal waste and encroachments, it said. It includes cleaning and desilting, restoration and maintenance of the two main water bodies by the DDA on the banks with the aim of inter-connecting all the water bodies through a channel to ensure uniform water levels and carrying out extensive plantation throughout the stretch in a triple grid layered design.

THE HINDU Monday, March 13, 2023
DELHI

# 'Ministry's nod for draft MPD-2041 won't take long'

The Hindu Bureau
NEW DELHI

The draft Master Plan for Delhi-2041 (MPD) is unlikely to see any hurdles in receiving approval from the Union Ministry of Housing and Urban Affairs (MoHUA), a senior official said, adding that the Ministry will soon receive the draft cleared by the Delhi Development Authority (DDA).

Earlier this month, the draft MPD-2041 was passed by Lieutenant-Governor V.K. Saxena, also the chairperson of the DDA. The senior official added that approving and notifying the draft MPD-2041 would not take long, as was the case with the previous Master Plan, MPD-2021, which was notified in 2007.

Meanwhile, the MoHUA is completing the process of seeking comments from other ministries in connection with the proposed amendments to the Delhi Development Act, 1957, which includes making land pooling mandatory if the minimum participation rate of 70% is achieved. "After this is concluded, we will seek the Cabinet's approval," said the official.

the pioneer
NEW DELHI | MONDAY | MARCH 13, 2023

# DDA to plant 1 lakh trees at Shastri Park

STAFF REPORTER ■ NEW DELHI



The Delhi Development Authority will plant one lakh trees in Shastri Park area as part of plans to rejuvenate the Yamuna floodplains, a statement from Lieutenant Governor's office said on Sunday.

The statement comes a day after the Lt Governor inspected the Shastri Park-Bela Farm-Garhi Mandu area of the flood plains in northeast Delhi and directed officials to clean, restore and rejuvenate the 11 km-long stretch.

Even as the DDA was instructed to immediately ensure plantation of 1 lakh trees at the Shastri Park site, the entire 11 km stretch on the eastern bank, upstream from Shastri park to Garhi Mandu will undergo a thorough make over, it said.

The DDA will plant one lakh trees at Shastri Park apart from different species of riverine grass, bamboo and other flowering/fruit-bearing trees to rejuvenate the floodplains, it said.

"The LG took an on-site stock of the situation and instructed officials to immediately ensure steps to clean, restore and rejuvenate the degraded flood plains," the statement said.

"Once rejuvenated by the DDA, this site will develop as a one of its kind public green in the locality, which has been suffering the most due to unplanned urbanization and degradation. The area adjoins localities like Seelampur, Shastri Park and Shahdara etc, it said.

The main components of the rejuvenation work includes physical cleaning of the banks and flood plains by removing garbage, dumped construction and demolition waste, animal waste and encroachments, it said.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPER पंजाब केसरी DELHI 13 मार्च, 2023 ▶ सोमवार ED

दिशा निर्देश सीलमपुर, शास्त्री पार्क और शाहदरा क्षेत्र के लोगों को सांस लेने योग्य मिलेगी साफ हवाः एलजी

# शास्त्री पार्क से गढ़ीमेंडू तक 11 किमी हिस्से का होगा कायाकल्प

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : यमुना नदी के बाढ़ क्षेत्र शास्त्री पार्क बेला फार्म से गढ़ीमेंडू तक 11 किलोमीटर हिस्से का कायाकल्प होगा। दिल्ली विकास प्राधिकरण बाढ़ क्षेत्र को फिर से जीवंत करने के लिए घास, बांस, फूलों व फल देने वाले पेड़ों की विभिन्न प्रजातियों के अलावा शास्त्री पार्क में एक लाख पौधे लगाए जाएंगे। इससे सीलमपुर, शास्त्री पार्क और शाहदरा समेत अन्य क्षेत्रों के निवासियों को सांस लेने योग्य स्वच्छ हवा और सैर सपाटे के लिए खूबसूरत हरा-भरा इलाका उपलब्ध होगा। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने रविवार को शास्त्री पार्क से गढ़ीमेंडू तक यमुना बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को नदी के किनारे को साफ-सुथरा कर पुनर्जीवित और कायाकल्प करने के लिए तत्काल कदम उठाने का निर्देश दिया।

उपराज्यपाल कार्यालय के अनुसार, उपराज्यपाल ने रविवार को पूर्वी दिल्ली में बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्र शास्त्री पार्क-बेला फार्म-गढ़ीमेंडू क्षेत्र का निरीक्षण किया और अधिकारियों को 11 किलोमीटर लंबे क्षेत्र को साफ करने, पुनर्स्थापित करने और कायाकल्प करने का निर्देश दिया। यह क्षेत्र सीलमपुर, शास्त्री पार्क और शाहदरा आदि जैसे इलाकों से जुड़ा हुआ है। दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा एक बार इलाकों का कायाकल्प किए जाने के बाद, यह इलाके में अपनी तरह के हरे-भरे इलाके में तब्दील होगा जो अनियोजित शहरीकरण के कारण सबसे ज्यादा प्रभावित है। बता दें कि राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वार गत जनवरी को अपने आदेश के माध्यम से यमुना नदी के कायाकल्प की देखरेख के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के बाद से उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना लगातार संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं। एलजी के इसी तरह के प्रयासों के परिणामस्वरूप हाल ही में नजफगढ़ नाले के अलावा असिता पूर्व और बांसेरा में पारिस्थितिक रूप से स्थायी कायाकल्प प्रयासों को बढ़ावा देने के अलावा, पश्चिमी यमुना बैंकों पर कुदसिया घाट-आईएसबीटी खंड में बदलाव आया है।



यमुना नदी के बाढ़ग्रस्त क्षेत्र के दौरे के दौरान अफसरों को दिशा निर्देश देते एलजी।

### चार चरणों में होगा विकास

पहले चरण में कचरा, डंप किए गए मलबा, जानवरों के कचरे और अतिक्रमणों को हटाकर नदी किनारों, बाढ़ क्षेत्रों की साफ सफाई, रसायनों, सीमेंट की खाली बोरियों और जूट की थैलियों की धुलाई और पक्षियों को मारने से उत्पन्न कचरे के निपटान जैसी बड़े पैमाने पर प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों को समाप्त करना। दूसरे चरण में डीडीए द्वारा किनारों पर दो मुख्य जल निकायों की सफाई, डीसिल्टिंग और रखरखाव, एक चैनल के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर सभी जल निकायों को जोड़ने के उद्देश्य से एक समान जल स्तर सुनिश्चित करेगी। तीसरे चरण में पूरे इलाके में घास लगाकर हराभरा करने और बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया जाएगा। इसके अलावा बांस के पौधे, फूल और फल देने वाले पेड़ पौधे लगाए जाएंगे। चौथे चरण में इन स्थलों को डीडीए द्वारा खुले सार्वजनिक हरित क्षेत्रों के रूप में पारिस्थितिक रूप से स्थायी सुविधाओं के साथ विकसित किया जाएगा जहां वनस्पतियों और जीवों की विभिन्न प्रजातियां फल-फूल सकती हैं।

# 20 जगहों पर पार्किंग बनाने के लिए एमसीडी को जमीन देगा डीडीए

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : राजधानी दिल्ली में पिछले कई दिनों से चल रही पार्किंग की समस्या आगामी कुछ दिनों में कम हो सकती है। क्योंकि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) जल्द ही दिल्ली नगर निगम को 20 पार्किंग स्थलों के लिए जमीन मुहैया करा सकता है। दरअसल, दिल्ली नगर निगम ने अलग-अलग इलाकों में पार्किंग की समस्या दूर करने के लिए डीडीए से जमीन की मांग की थी। डीडीए के अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही जमीन सौंपने संबंधी प्रस्ताव बोर्ड की बैठक में लाया जाएगा और जमीन निगम को हैंडओवर कर दी जाएगी।

### डीडीए व एमसीडी एक साथ करेंगे योजना पर कार्य

डीडीए अधिकारियों का कहना है कि पार्किंग बनाने की लिए निगम के पास पर्याप्त फंड नहीं है। ऐसे में डीडीए और दिल्ली नगर निगम मिलकर पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) के आधार पर पार्किंग संचालन करने की योजना पर भी काम कर रहे हैं। हालांकि अभी राजस्व बंटवारे का सिस्टम तय होना बाकी है।

### इन जगहों पर बनेगी पार्किंग

दिल्ली नगर निगम के अधिकारी के अनुसार, मादीपुर और द्वारका उन प्रस्तावित स्थलों में से हैं जहां उम्मीद की जा रही है जल्द ही जमीन मिल जाएगी। पंजाबी बाग, जनकपुरी बी1 वाणिज्यिक केंद्र, पश्चिम विनोद नगर में नरवाना रोड पर मंगलम अस्पताल के पास, जग प्रवेश चंदर अस्पताल के पास शास्त्री पार्क, गौतम नगर में फादर एगनेल स्कूल के पास पार्किंग निर्माण शामिल हैं।

### अवैध पार्किंग से लगता जाम

निगम अधिकारियों ने बताया कि जिन स्थानों पर पार्किंग स्थल बनाए जाने का प्रस्ताव है, वहां बड़ी मात्रा में सड़कों पर अवैध पार्किंग की जाती है। जिसके चलते सड़कों पर कई बार जाम लगता है और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। अधिकारियों ने बताया कि एक बार जमीन मिल जाने के बाद पार्किंग स्थल को लेकर टेंडर आमंत्रित कर लिए जाएंगे।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

दैनिक भास्कर | नई दिल्ली, सोमवार 13 मार्च, 2023 | 06 ----DATED----

एलजी ने शास्त्री पार्क-बेला फार्म-गढ़ी मांडू खंड पर यमुना बाढ़ के मैदानों का निरीक्षण किया

# 11 किमी बाढ़ के मैदानों को साफ कर कायाकल्प करने के लिए जल्द कदम उठाने का निर्देश

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

उत्तर-पूर्वी दिल्ली में शास्त्री पार्क-बेला फार्म-गढ़ी मांडू खंड पर 11 किलोमीटर के बाढ़ वाले क्षेत्र का जल्द कायाकल्प होगा। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके वीके सक्सेना ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली में शास्त्री पार्क-बेला फार्म-गढ़ी मांडू खंड पर यमुना बाढ़ के मैदानों का निरीक्षण किया। एलजी ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अधिकारियों को 11 किमी बाढ़ के मैदानों को साफ करने, पुर्नस्थापित करने और कायाकल्प करने के लिए तत्काल कदम उठाने का निर्देश दिया। उपराज्यपाल ने कहा कि एक बाद बेला फार्म-गढ़ी मांडू खंड के विकास करने के बाद सीलमपुर, शास्त्री पार्क और शाहदरा सहित आस-पास के क्षेत्रों में हरियाली दिखेगी और यहां के निवासियों को सांस लेने योग्य साफ हवा मिल पाएगा।

## सी एंड डी कचरा, पशु अपशिष्ट और अतिक्रमण को हटाया

डीडीए को अधिकारियों ने जानकारी दिया कि इस 11किलोमीटर के क्षेत्र के बाढ़ वाली क्षेत्र से विभाग ने भौतिक सफाई के माध्यम से कचरा, डंप किया गया सी एंड डी कचरा, पशु अपशिष्ट और अतिक्रमण हटा दिया गया है। अब विभाग रसायनों-सीमेंट की पैकिंग के लिए इस्तेमाल होने वाली खाली बोरियों और जूट की थैलियों की धुलाई और पक्षियों को मारने- वध करने से उत्पन्न कचरे के निपटान जैसी बड़े पैमाने पर प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों को समाप्त करने पर ध्यान दे रही है। सी. ट्रिपल ग्रिड स्तरित डिजाइन में पूरे विस्तार में व्यापक वृक्षारोपण। जबकि ग्रिड की पहली परत में नदी की घास होगी, दूसरी परत में बांस के पौधे होंगे और तीसरी परत में विभिन्न फूल और फल देने वाले पेड़-पौधे लगाए जाएंगे।

**एक लाख से अधिक पेड़ लगाएगी डीडीए** | डीडीए शास्त्री पार्क-बेला फार्म-गढ़ी मांडू खंड पर 11 किलोमीटर के बाढ़ वाले क्षेत्र में एक लाख से अधिक पेड़ लगाएगी। एलजी को डीडीए के अधिकारियों ने जानकारी दिया कि डीडीए ने इस बेल्ट पर नदी घास, बांस और अन्य फूलों व फल देने वाले पेड़ों की विभिन्न प्रजातियों के अलावा बाढ़ के मैदानों को फिर से जीवंत करने के लिए एक लाख पेड़ लगाने की योजना बनाई है।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

अमर उजाला | नई दिल्ली | सोमवार, 13 मार्च 2023 ----DATED----

तैयारी

उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने किया निरीक्षण, एक लाख पौधे लगाने का निर्देश

# यमुना खादर इलाके का होगा कायाकल्प

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। यमुना की सफाई के साथ-साथ खादर इलाके को खूबसूरत बनाने की मुहिम शुरू हो गई है। नदी के दोनों पाट पर फूल, फलदार पेड़ और बांस लगाए जाएंगे ताकि सैर करने वालों को स्वस्थ वातावरण मिल सकें। इस मुहिम में दिल्ली के उपराज्यपाल खुद जुटे हैं।

दिल्ली विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 11 किलोमीटर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र को साफ कर कायाकल्प किया जाए।

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली स्थित शास्त्री पार्क, बेला फार्म, गढ़ी मांडू खंड का निरीक्षण किया। उनके साथ डीडीए के अधिकारी भी मौजूद रहे। 11 किलोमीटर के क्षेत्र को निरीक्षण करने के बाद वहां का कायाकल्प करने के लिए तत्काल कदम उठाने का निर्देश दिया। एलजी ने कहा कि एक बार कायाकल्प हो जाने के बाद फ्लड प्लेन को फिर से जीवंत किया जाए। घास, बांस, फूल, फल देने वाले पेड़ों की विभिन्न प्रजातियों को लगाया जाए। शास्त्री पार्क में एक लाख पौधे लगाने का निर्देश दिया। यह क्षेत्र सीलमपुर, शास्त्री पार्क और शाहदरा इलाकों से जुड़ा है। पहले चरण में कचरा, डंप किए गए कचरे, जानवरों के कचरे और अतिक्रमण को हटाकर यमुना किनारे की सफाई की होगी। इसके बाद घास लगाए जाएंगे। मैदानी इलाके में दो जल निकाय बनेगा। दोनों जल निकायों को एक चैनल के माध्यम से जोड़ा जाएगा।



यमुना खादर क्षेत्र का निरीक्षण करते उपराज्यपाल व अन्य अधिकारी। अमर उजाला

### प्रदूषण मुक्त करने के लिए 25 से सद्भावना यात्रा

यमुना को प्रदूषण मुक्त की मांग तेज होने लग गई है। इस सिलसिले में रविवार को नजफगढ़ स्थित साईं बाबा मंदिर के प्रांगण में पंचायत हुई। इस दौरान प्रस्ताव पास किया गया कि यमुना को प्रदूषण मुक्त कराने के लिए 25 मार्च से नजफगढ़ से दो दिवसीय सद्भावना यात्रा शुरू की जाएगी और 26 मार्च को यात्रा के समापन के अवसर पर यमुना किनारे आरती होगी। विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों व आम लोगों ने एलान किया कि वह अब यमुना नदी की दुर्दशा बर्दाश्त नहीं करेंगे और उसे प्रदूषण मुक्त कराकर दम लेंगे। पंचायत की अध्यक्षता करते हुए पालम 360 खाप के प्रधान सुरेन्द्र सोलंकी ने कहा कि वर्षों से यमुना नदी की सफाई का अभियान चल रहा है।

## सड़कों से अतिक्रमण हटाने के लिए आज चलेगा बुलडोजर

नई दिल्ली। जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर सड़कों से अतिक्रमण हटाने के लिए एक बार फिर सोमवार से बुलडोजर चलेगा। स्पेशल टास्क फोर्स के निर्देश पर सभी संबंधित विभागों ने अतिक्रमण हटाने की तैयारी कर ली हैं। हालांकि, संबंधित निकायों के अधिकारियों का कहना है कि जिस समय पुलिस मिलेगी, अतिक्रमण हटाने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

स्पेशल टास्क फोर्स ने अतिक्रमण हटाने के लिए डीडीए, पीडब्ल्यूडी व एमसीडी को 80 सड़कों से अतिक्रमण हटाने को कहा है। इन सड़कों पर लगभग 400 स्थानों पर अतिक्रमण की शिकायत मिली हैं। डीडीए, पीडब्ल्यूडी व एमसीडी की सड़कों से अतिक्रमण हटाने के लिए तीनों विभागों के संबंधित अधिकारियों ने दिल्ली पुलिस के विभिन्न जिलों के उपायुक्तों से पुलिस बल मांगा है। पुलिस बल मिलने के मामले में सोमवार सुबह स्थिति साफ होगी। स्पेशल टास्क फोर्स की पिछली बैठकों में विभिन्न स्थानों पर कब्जा करने व अतिक्रमण होने की शिकायतों पर चर्चा हुई थी। ब्यूरो

## लैंड पूलिंग पॉलिसी के खिलाफ मुहिम शुरू

नई दिल्ली। किसान संगठनों ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की लैंड पूलिंग पॉलिसी के खिलाफ मुहिम शुरू की। संगठनों के पदाधिकारियों ने किसानों से पॉलिसी के तहत रजिस्ट्रेशन करने की अपील की। इस संबंध में उन्होंने रविवार को गांव नीलवाल के किसानों से संपर्क साधा। दिल्ली देहात मोर्चा और जय किसान आंदोलन के पदाधिकारियों ने गांव नीलवाल में किसानों को बताया कि डीडीए की लैंड पूलिंग पॉलिसी पूरी तरह किसानों के विरोधी है और गांवों में रहने वाले 36 बिरादरी के लोगों को बर्बाद करने वाली है। इस कारण किसानों ने इस पॉलिसी के तहत अपनी कृषि भूमि का रजिस्ट्रेशन नहीं कराया चाहिए। इसके अलावा जिन किसानों ने रजिस्ट्रेशन करा दिया है वह तत्काल रजिस्ट्रेशन कराने की प्रक्रिया आरंभ कर दे। ब्यूरो

राष्ट्रीय सहारा

## शास्त्री पार्क में एक लाख पौधे लगाएगा डीडीए

नई दिल्ली (एसएनबी)। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) यमुना के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के कायाकल्प की योजना के तहत शास्त्री पार्क क्षेत्र में एक लाख पौधे लगाएगा। उपराज्यपाल कार्यालय से जारी एक बयान से रविवार को इस बात की जानकारी मिली।

उपराज्यपाल ने एक दिन पहले पूर्वोत्तर दिल्ली में बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्र शास्त्री पार्क, बेला फार्म, गढ़ी मांडू क्षेत्र का निरीक्षण किया और अधिकारियों को 11 किलोमीटर लंबे खंड को साफ करने, पुनर्स्थापित करने और कायाकल्प करने का निर्देश दिया। डीडीए को शास्त्री पार्क साइट पर तुरंत एक लाख पौधे लगाने का निर्देश दिया गया है।